अमर उजाला
बरेली
रविवार, 15 अप्रैल 2018

PAGE NO. 15, MIDDLE

एमबीबीएस छात्रों को मिली उपाधि

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली।

श्री राममूर्ति इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के सातवें दीक्षांत समारोह का शनिवार को आयोजन हुआ। इसमें एमबीबीएस के 100, पीजी के 56 और पैरामेडिकल के 165 छात्रों को एमजेपी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल शुक्ला ने उपाधि वितरित कीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रख्यात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सरोज चूड़ामणि गोपाल, विशिष्टि अतिथि रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल शुक्ला, संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति, प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति, प्राचार्य डॉ. एसबी गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके किया। चेयरमैन देव मूर्ति ने संस्थान की बेहतर चिकित्सा शिक्षा एवं सेवा के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि

श्री राममूर्ति मेडिकल कॉलेज का दीक्षांत समारोह

एमबीबीएस का सातवां बैच, पीजी (एमडी/एमएस) का 2014 बैच और पैरा मेडिकल छात्रों का दूसरा बैच दीक्षांत समारोह में उपाधि ग्रहण कर रहा है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. एसबी गुप्ता ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. गोपाल ने उपाधि लेने वाले सभी छात्रों को बधाई दी। कहा, आज चिकित्सा जगत में नवीनतम मशीनों एवं तकनीकों का आविष्कार हो रहा है। चिकित्सकों को निरंतर नई तकनीकों को अपनी प्रैक्टिस में लाना चाहिए। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों और वक्ताओं ने भी उपाधि लेने वाले छात्रों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में राममूर्ति ट्रस्ट से छात्रवृत्ति के लिए तीन स्टूडेंट्स सृष्टि गुप्ता, अवंतिका चिमवाल और अशि गुप्ता को चयनित किया गया। समारोह में सेशन 2016-17 की छात्रा जागृति चौधरी, कमलजीत कौर, श्रृद्धा गुप्ता, परमिंदर कौर, सेशन 2017-18 की आयुषी, अंकिता और सुराज भट्ट मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूचिका भटनागर ने किया। इस मौके पर एसआरएससी की ट्रस्टी आशा मूर्ति, प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति, रिचा मूर्ति, डॉ. एचओ अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।